लालगंज में बंद घर से 10 लाख के जेवरात चोरी


लालगंज। लालगंज थाना क्षेत्र के एतवारपुर गांव में चोरों ने ओम शंकर शुक्ला पप्पू शुक्ला के बंद घर का ताला काटकर करीब दस लाख रुपए के सोने चांदी का गहना और 55 इंच का एलइडी टीवी चोरी कर लिया। चोरी की सूचना मिलने पर लालगंज थाना सहित एसडीपीओ गोपाल मंडल घटना स्थल पर पहुंचे और चोरी की घटना का तहकीकात किया। साथ ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को बुलाकर जांच पड़ताल कराई गई। बुधवार दिनांक 04 नवम्बर को दिल्ली में अपने घर पहुंची ओम शंकर शुक्ला की पत्नी पिंकी देवी ने इस संबंध में लालगंज थाना को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने लिखा हैं कि 03 नवम्बर को ग्रामीणों ने उन्हें घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। साथ ही 112 की पुलिस को भी सूचना दी गई। 112 की पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। बुधवार 04 नवंबर को घर पहुंचने पर देखी कि घर के चारों कमरे का ताला टूटा हुआ हैं। पेटी, बक्सा, अलमीरा का लॉक तोड़कर चोर सोने चांदी का गहना, सिक्का, कीमती कपड़ा, फूल पीतल का बर्तन, 55 इंच का एलइडी टीवी आदि ले गया है। जिस पर जांच करने पहुंचे सीडीपीओ गोपाल मंडल लालगंज इंस्पेक्टर सी हरीकिशोर राय। इस संबंध में एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि चोरी की सूचना मिलने पर जाकर जांच पड़ताल किया गया हैं। चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैं।

लालगंज में अवैध पटाखा भंडारण पर बड़ी कारवाई दो दुकानों के गोदाम से 400-500 किलो पटाखा जब्त

हाजीपुर (आससे)। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर वैशाली जिले में सुरक्षित दीपावली मनाने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को लालगंज थाना क्षेत्र में अग्निशमन पदाधिकारी प्रीती सिंह के नेतृत्व में पटाखा दुकानों में छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान गांधी चौक के निकट संतोष मोदी और श्री सजावट स्टोर की जांच की गई। दोनों दुकानों के गोदाम से चार से पांच सौ किलो पटाखा बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि यह भंडारण अवैध रूप से किया गया था। टीम ने मौके पर ही माल जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दीपावली को लेकर हाजीपुर, महुआ और महनार अनुमंडल क्षेत्र में भी दुकानों की जांच की जा रही



स्कूल-कॉलेज के 500 मीटर दायरे को ड्रग्स फ्री जोन बनाने के लिए लालगंज में सघन तलाशी अभियान

हाजीपुर (आससे)। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के संकल्प के तहत देश के सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे को ड्रग्स फ्री जोन बनाने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में बुधवार को सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल के नेतृत्व में लालगंज शहरी क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों के आसपास स्थित दुकानों में चरस, गांजा, ब्राउन शुगर सहित अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सघन जांच की गई, ताकि किसी भी परिस्थिति में स्कूल-कॉलेज में पढ़ रहे बच्चों तक नशीले पदार्थों की पहुंच न बन सके।सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल ने बताया कि लालगंज में बड़ी संख्या में शैक्षणिक संस्थान और कॉलेज हैं, इसलिए मुख्य रूप से इन्हीं क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अभी तक कोई बरामदगी नहीं हुई है, लेकिन जांच आगे भी जारी रहेगी। आम लोगों से अपील की गई है कि यदि किसी को यह सूचना मिलती है कि कोई व्यक्ति किसी जगह नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त कर रहा है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

हाजीपुर में आज विकसित भारत युवा संसद 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर होगी चर्चा

जिला स्तरीय आयोजन सीपेट में सुबह 10 बजे से उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मिलेगा आगे का मौका

हाजीपुर (आससे)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत, वैशाली द्वारा विकसित भारत युवा संसद-2027 का जिला स्तरीय आयोजन 5 नवंबर 2026 (गुरुवार) को सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट), हाजीपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन एवं प्रभावी वक्तृत्व कला को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा संसद का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' निर्धारित किया गया है। इस विषय पर प्रतिभागी चुनावी प्रक्रिया, लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं राष्ट्रीय विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में विषयगत समझ, अभिव्यक्ति क्षमता, तार्किक प्रस्तुति एवं विचारों की स्पष्टता को विशेष महत्व दिया जाएगा। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को आगे के चरणों में प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विषयों की घोषणा बाद में की जाएगी। जिलाधिकारी ने युवाओं, शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों एवं हितधारकों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। यह पहल युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने और विकसित भारत ङ्क2047 के संकल्प में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

नमामि गंगे घाट पर मना गंगा उत्सव

गंगा आरती, दीपोत्सव और नुक्कड़ नाटक से दिया गया स्वच्छ-निर्मल गंगा का संदेश

हाजीपुर (आससे)। नमामि गंगे घाट पर मंगलवार को गंगा उत्सव-2026 का भव्य आयोजन हुआ, जहां आस्था, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देश पर जिला गंगा समिति, नगर परिषद और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, विद्यार्थी और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गंगा आरती और दीपोत्सव से हुई। घाट पर सैकड़ों दीपों से जगमगाहट के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा की आराधना की। इसके बाद नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नदी संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त घाट और जल बचाव का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान, हस्ताक्षर अभियान और स्वच्छता शपथ ने लोगों को व्यवहार में बदलाव



के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, आस्था और सभ्यता की पहचान है। इसे स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखना सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से नदियों में कूड़ा, प्लास्टिक और पूजन सामग्री प्रवाहित न करने तथा घाटों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण केवल प्रशासनिक प्रयास से संभव नहीं है, इसमें आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। युवाओं और विद्यार्थियों की भागीदारी से इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। कार्यक्रम का समन्वय डीपीओ नमामि गंगे मुनेश कुमार ने किया।

वित्तीय समावेशन एवं परिपूर्णता कार्यक्रम में दो सौ से ज्यादा लोगों ने लिया भाग

हाजीपुर (आससे)। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने तथा आमजन को विभिन्न बैंकिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर के सभागार में वित्तीय समावेशन एवं परिपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बीच वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता को बढ़ावा देना तथा वित्तीय सहायता, परामर्श एवं बेहतर बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को सशक्त बनाना था।

बिहार विधान सभा सचिवालय
आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कनीय सचिवालय सहायक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-01/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभी सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भाँति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

साइंस लैब भवन निर्माण का शिलान्यास, तीन प्रयोगशालाएं बनेंगी

लालगंज के सरस्वती विद्यानिकेतन मॉडल स्कूल में विधायक और विधान पार्षद ने किया शिलान्यास

हाजीपुर। महाराज सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरसा रामराय के प्रांगण स्थित सरस्वती विद्यानिकेतन मॉडल स्कूल, लालगंज मे बुधवार को भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला भवन के निर्माण को लेकर शिलान्यास किया गया। शिलान्यास स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह एवं लोजपा के विधान पार्षद मो. असगर अंसारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल की प्राचार्या शोभा कुमारी ने किया। इस अवसर पर विधायक संजय कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार शिक्षा के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। इसी कड़ी में यहां एक साथ तीन साइंस प्रयोगशाला भवन के निर्माण का शिलान्यास किया गया है। यह भवन रेल-टेल एजेंसी द्वारा बनाई जा रही है, जिसे तीन-चार महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। मौके पर लालगंज बीस सूत्री अध्यक्ष नवीन कुमार, कार्य एजेंसी के इंजीनियर जयंत कुमार, भाजपा नेता अरुण कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, रविंद्र सिंह, स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं कर्मेन्द्र कुमार, टूटू कुमार, पुष्पांजलि कुमारी, प्रियंका कुमारी, रूपम कुमारी, संजीव कुमार, रविशेखर कुमार, धीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

रिफॉर्म उत्सव में स्वास्थ्य व कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

नशामुक्त वैशाली अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक, अवैध शराब की सूचना देने की अपील



हाजीपुर (आससे)। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लालगंज प्रखंड की युसुफपुर पंचायत स्थित खरवार टोला में रिफॉर्म उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, जनजागरूकता एवं जनभागीदारी से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। अभियान के तहत खरवार टोला के परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने की विशेष पहल की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना था एवं वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अनुरूप स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण विकास संकेतकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनभागीदारी के माध्यम से समग्र विकास को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्त वैशाली अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के सामाजिक, पारिवारिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने, परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। इस अवसर पर नशामुक्ति के प्रति सामूहिक संकल्प को भी प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी ने नागरिकों से आसपास अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री अथवा अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को देने की अपील की। सूचना व्हाट्सऐप नंबर 8544424310 और जिला नियंत्रण कक्ष 06224-260233 / 06224-260234 पर दी जा सकती है।

वयोवृद्ध समाजसेवी रघुनाथ सिंह के निधन पर शोक

सोनपुर कोर्ट। सोनपुर के सुप्रसिद्ध वयोवृद्ध समाजसेवी और धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व रघुनाथ सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे सोनपुर और आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने पीछे सामाजिक और धार्मिक कार्यों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र गमगीन दिखा। जब उनकी पार्थिव देह (अर्थी) अंतिम दर्शनों और नमन के लिए ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर, हरिहरक्षेत्र सोनपुर द्वार पर पहुंची, तो वहां का माहौल बेहद भावुक हो गया। बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचने पर मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह %लल्ला, सहकोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा,प्रो. चन्द्र भूषण तिवारी, पंडित पवन शास्त्री,सदानंद पाण्डेय,नन्द बाबा व अन्यान्य मन्दिर पदाधिकारियों, पुजारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पमाला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और इस महापुरुष को शत-शत नमन किया। इस दुखद अवसर पर न्यास समिति के सदस्य प्रो. चन्द्र भूषण तिवारी ने रघुनाथ



सिंह जी के सामाजिक अवदानों को याद करते हुए एक महत्वपूर्ण संस्मरण साझा किया। उन्होंने बताया कि बाबा हरिहरनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बने भव्य 'यात्री निवास' के निर्माण में रघुनाथ सिंह जी की केंद्रीय भूमिका थी। उन्होंने न केवल आम जनता को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया, बल्कि मंदिर न्यास समिति के निवर्तमान अध्यक्ष मान्यवर गुप्तेश्वर पाण्डेय का पूर्ण सहयोग कर इस बड़े प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा। उनकी प्रेरणा और अथक प्रयासों के बिना श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बने इस आधुनिक यात्री निवास की परिकल्पना को साकार करना मुमकिन नहीं था। बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति और स्थानीय नागरिकों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है।

बिहार विधान सभा सचिवालय
आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कार्यालय परिचारी के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-02/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है:-

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भाँति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन

उत्सव के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03439/03440 **मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन** स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

मालदा टाउन-शकूरबस्ती (03439)				शकूरबस्ती-मालदा टाउन (03440)		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
	–	10.00	मालदा टाउन	01.45	–	13.11.26
	12.50	12.55	साहिबगंज	22.25	22.30	
10.11.26	14.45	14.55	भागलपुर	20.55	21.05	
	16.05	16.10	जमालपुर	19.15	19.20	12.11.26
	17.35	17.40	किऊल	17.50	17.55	
11.11.26	17.00	–	शकूरबस्ती	–	18.50	11.11.26

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्का, बड़हरवा, कहलगांव, सुल्तानगंज, अभयपुर, मोकामा, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला और दिल्ली स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तिथि: मालदा टाउन से-**03439 दिनांक 10/11/2026 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप और **शकूरबस्ती से-**03440 दिनांक 11/11/2026 (बुधवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 3 टियर-06, शयनयान श्रेणी-08, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 06, एलएसएलआरडी-01 और पावर कार-01 = कुल 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे

पूर्वोत्तर रेलवे — अधिसूचना सं.: 193/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

गाड़ी सं. 08021/08022 शालीमार-थावे-शालीमार त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08021 शालीमार से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08022 थावे से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 07-11-2026 से 21-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08021 शालीमार-थावे		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08022 थावे-शालीमार	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	10:15	शालीमार	03:30	-
10:30	10:35	सांतरागाछी	02:45	02:47
11:37	11:40	डानकुनि	00:47	00:50
12:30	12:33	बर्द्धमान	23:41	23:44
13:31	13:33	दुर्गापुर	22:16	22:18
14:05	14:10	आसनसोल	21:45	21:47
14:34	14:36	चित्तरंजन	21:15	21:17
15:14	15:16	मधुपुर	20:20	20:22
15:40	15:42	जसीडीह	19:48	19:50
16:45	16:50	झाझा	19:05	19:10
17:35	17:37	किऊल	17:10	17:12
19:15	19:25	बरौनी	15:20	15:30
20:25	20:27	शाहपुर पटोरी	13:25	13:27
21:10	21:15	हाजीपुर	12:35	12:40
21:25	21:27	सोनपुर	12:15	12:17
01:30	01:32	खैरा	10:43	10:45
01:45	01:47	मढ़ौरा	10:28	10:30
02:00	02:02	मशरख	10:12	10:14
02:23	02:25	दीघवा दुबौली	09:48	09:50
03:00	03:02	गोपालगंज	09:12	09:14
04:00	-	थावे	-	09:00

रेक संरचना: शयनयान-13, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

गाड़ी सं. 08629/08630 रांची-गोरखपुर-रांची त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08629 रांची से प्रत्येक वृहस्पतिवार को दिनांक 05-11-2026 से 19-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08630 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08629 रांची-गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08630 गोरखपुर-रांची	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	11:35	रांची	07:55	-
12:43	12:45	मुरी	06:33	06:35
13:45	13:50	बोकारो स्टील सिटी	05:05	05:10
14:28	14:30	चंद्रपुरा	04:36	04:38
15:42	15:50	धनबाद	02:28	02:35
17:10	17:12	चित्तरंजन	00:18	00:20
18:00	18:02	मधुपुर	23:35	23:37
18:25	18:27	जसीडीह	23:08	23:10
19:30	19:35	झाझा	22:30	22:35
20:20	20:22	किऊल	20:08	20:10
22:00	22:10	बरौनी	18:30	18:40
23:00	23:02	शाहपुर पटोरी	17:10	17:12
00:20	00:22	हाजीपुर	16:20	16:25
00:35	00:37	सोनपुर	16:08	16:10
03:05	03:10	छपरा	13:55	14:00
04:00	04:05	सीवान	11:45	11:50
04:43	04:45	भटनी	10:10	10:12
05:06	05:08	देवरिया सदर	09:38	09:40
06:25	-	गोरखपुर	-	08:35

रेक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, शयनयान-15, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-78B — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

एलईडी रथ से कृषि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार

हाजीपुर (आससे)। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशानुसार जिले के किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एलईडी रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एलईडी रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर किसानों के बीच कृषि विभाग की योजनाओं का प्रचार कर रहा है। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आकर्षक वीडियो एवं ऑडियो संदेशों द्वारा किसानों को योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से दी जा रही है। अभियान के माध्यम से किसान पंजीकरण, कृषि यांत्रिकीकरण, बीज वितरण, कृषि इनपुट अनुदान, फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी सहित विभिन्न योजनाओं के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कृषि विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक किसान जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकें। प्रशासन का उद्देश्य है कि जनकल्याणकारी कृषि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचे तथा कोई भी किसान जानकारी के अभाव में लाभ से वंचित न रहे।

GOVT. OF BIHAR
BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/19 Dated 03.11.2026

Notice for Special Stray Vacancy Round for MBBS and Round-5 for BDS / B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. Online Application & Choice Filling

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Stray Vacancy Round are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Special Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026, 2026/08 Dated 17.09.2026 & 2026/09 Dated 30.09.2026 , 2026/14 , 2026/15 Dated 18.10.2026 & 2026/16 Dated 22.10.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Stray Vacancy Round Counselling held from 29.10.2026 to 31.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in**. If any further vacancies arise due to non joining of candidates on their Stray Vacancy Round Counselling allotted seat etc., the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices **will start from 04.11.2026**.

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination